# बेमौसम बारिश का कहर : धान की फसल नष्ट होने से किसान चिंतित

## जिले में दो दिन से बदले मौसम के बाद आज देर शाम हुई बारिश से खेतों में खड़ी धान की फसलों के नष्ट होने की बढ़ी संभावना

नवभारत न्यूज

**सीधी 27 अक्टूबर। अक्टूबर के आखिर दिनों में हुई इस लगातार बारिश से धान की फसलों को होने वाले नुकसान की संभावना से किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिले में दो दिनों से बदले मौसम के बाद आज देर शाम हुई बारिश से खेतों में खड़ी धान की फसलों के नष्ट होने की बड़ी संभावना जताई जा रही है।**

बेमौसम बारिश से किसानों की धड़कने बढ़ गई हैं। दरअसल खरीफ सीजन में रुक-रुक कर समयानुसार बारिश होने के कारण धान की फसल काफी बेहतर हालत में थी। किसानों में इस बात



को लेकर काफी प्रसन्नता थी कि धान की पैदावार काफी अच्छी मिलेगी। सब कुछ ठीक-ठाक था। कुछ स्थानों धान के फसल की कटाई भी शुरू हो गई थी। अंतिम समय में दो दिनों से मौसम का मिजाज अचानक बदला और आकाश में घने बादल छा गये। जिसके बाद से ही बेमौसम बारिश होने की संभावना बन गई थी। रविवार की शाम को भी कुछ समय के लिये बारिश का दौर चला।

आज सुबह से आकाश में घने बादल छाये हुये थे जिसके कारण सूर्य देव की किरणें नहीं निकल सकीं। शाम करीब 4:30 बजे से अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश का दौर करीब आधे घंटे तक चलने के कारण कई स्थानों में धान की फसलों के खेतो में ही गिरने की खबरे हैं। कुछ किसानों की कटी हुई धान भी खेतो में रखी हुई हैं।

उधर मौसम विभाग द्वारा अभी दो दिनों तक और बारिश होने की संभावना जताई गई है, जिसके बाद से किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। चर्चा के दौरान कुछ किसानों का कहना था कि बेमौसम बारिश हो जाने के चलते धान की फसल को अभी कुछ क्षति होने की संभावना है। यदि आगे मौसम नहीं खुलता और बारिश होती है तो फसलों को ज्यादा क्षति पहुंचेगी।

### बारिश का दौर जारी रहा तो ज्यादा नुकसान की संभावना

जिले में बेमौसम बारिश का दौर आगे भी जारी रहा तो धान की फसल को सर्वाधिक नुकसान होगा। मौसम विभाग द्वारा 29 अक्टूबर 2025 तक बारिश की संभावना जताई गई है इस वजह से किसान काफी मायूसी में हैं। जिले के काफी किसान धान के फसलों की कटाई कराने में जुटे हुये थे। कुछ धान की कटी फसलें खलिहान में पहुंच गई थी। वहीं काफी कटी फसलें खेतों में पड़ी हुइ हैं। बेमौसम बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान धान की कटी फसलों को ही होना माना जा रहा है। कटी फसलों के गीली हो जाने के कारण उनको मौसम खुलने पर सूखाना जरूरी है, इसके बाद ही गहाई का कार्य होगा। यदि बारिश आगे भी हुई तो कटी हुई धान की फसलों में फफूंद लग जायेगा, जिसके चलते वह खराब हो जायेंगी।

### इनका कहना है

जिले में दो दिनों तक कुछ समय के लिये ही बारिश हुई है। ऐसे में धान की फसल को क्षति पहुंचने की संभावना नहीं है। यह अवश्य है कि जो धान की फसलें कटी हुई हैं और आगे मौसम नहीं खुलता, बारिश जारी रही तो ऐसी कटी फसलों को क्षति पहुंच सकती है। इनमें फफूंद लगने की संभावना बढ़ जायेगी। किसानों को पकी हुई धान के फसलों की कटाई मौसम साफ होने तक नहीं करना चाहिये। मौसम विभाग द्वारा अभी दो दिन और बारिश की संभावना जतायी गयी है। यदि आगे बारिश नहीं हुई तो फसलों को नुकसान नहीं होगा।

राजेश सिंह, उपसंचालक
कृषि विभाग, सीधी



# स्थापना दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के निर्देश

## समय सीमा बैठक का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 27 अक्टूबर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी तथा अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय द्वारा विभागवार लंबित प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई।**

बैठक में गत माह शिकायतों के निराकरण में जिले को 'बी' ग्रेड प्राप्त होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अक्टूबर माह में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में 'ए' ग्रेड प्राप्त करने हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि इस माह यदि अपेक्षित प्रगति नहीं हुई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत श्री सोलंकी ने कहा कि सभी विभाग निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों एवं नॉन अटेंडेड शिकायतों की गंभीरता से निगरानी करें तथा इन दोनों घटकों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय ने सभी उपखंड अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित निराकरण में पहल करने और उपखंड स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में 31 अक्टूबर को समाधान एक दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत शिविरों के माध्यम से अधिकतम शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने आगे बताया कि 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय एवं उत्सवमय वातावरण में किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के प्रमुख शासकीय भवनों पर प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को भी राजस्व प्रकरणों के तत्परता से निराकरण एवं आदेश पारित होने के उपरांत इत्तिलाबी की समय सीमा में पूर्ति करने के निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, विकास आनंद, उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, सिहावल प्रिया पाठक, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# अमडिहा में मनाई गई नामदेव जयंती

नवभारत न्यूज

**बहरी 27 अक्टूबर। संत नामदेव जी की जन्म जयंती का आयोजन ग्राम अमडिहा पोस्ट परसवार जिला सीधी में समाज के प्रबुद्ध जनों के उपस्थिति में मनाया गया।**

जिसके मुख्य अतिथि पन्नालाल नामदेव पूर्व प्राचार्य एवं शिवनाथ नामदेव जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय दर्जी महासभा सीधी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से बाबूलाल नामदेव, रामसलोने नामदेव, गोपाल नामदेव, संतोष नामदेव, राम सजीवन नामदेव, शंकर दयाल नामदेव तथा भारी संख्या में नामदेव समाज के लोग उपस्थित थे।

# गणेश स्कूल के 20 खिलाड़ी संभाग स्तरीय खेलों के लिए हुए चयनित

नवभारत न्यूज

**सीधी 27 अक्टूबर। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित शालेय जिला स्तरीय प्रतियोगिता में श्री गणेश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पड़रा के छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर 14, 17 और 19 वर्ष आयु समूह के 20 बालक-बालिकाओं का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसके बाद वे सभी सोमवार को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सतना के लिए रवाना हुए।**



प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में क्रिकेट अंडर-14 में अथर्व तिवारी व आदित्य पाण्डेय, क्रिकेट अंडर-17 में अमोल केशरवानी एवं युवराज केसरी। बैडमिंटन अंडर-17 में अनुष्का शुक्ला, शुभम हरवानी, वंश बसंतानी, बैडमिंटन अंडर-19 में अयांश कटारिया एवं नियति लोधी। बास्केटबॉल अंडर-17 में आयुषी पनिका, स्नेहा सोनी, सुहानी भूर्तिया, शिफा खान, स्वाति द्विवेदी, माही सेन एवं मान्या द्विवेदी, बास्केटबॉल अंडर-19 सार्थक तिवारी, आयुष जायसवाल, प्रतीक सिंह व आदर्श त्रिपाठी का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बताया कि संभाग क्रीड़ा प्रतियोगिता में ये छात्र सीधी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर को सतना आयोजित में होगी। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर नीरज शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अरुण ओझा, प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी, एचएम माएमा सिमन्स तथा खेल प्रशिक्षकों में तरुणनाथ मिश्र, सूरज शुक्ल, सुभाष शुक्ल, माखनलाल मिश्र, विश्वास पाण्डेय, प्रियंका सिंह व अंकुर मिश्र एवं समस्त स्टॉफ ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रर्दशन के लिये शुभकामनाएं दी।

# लापरवाही पर 4 कर्मचारियों को शोकाज नोटिस

नवभारत न्यूज

**सीधी 27 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था.निर्वा.) द्वारा नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर 4 प्राधिकृत कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।**

नगरीय निकायों की मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत श्रीमती गीता गुप्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं रणमत सिंह चौहान प्राथमिक शिक्षक सहियान कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटहा विकासखंड सीधी तथा पंचायत क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत राकेश कुमार वर्मा माध्यमिक शिक्षक माध्यमिक शाला पडैनिया तथा कृष्णपाल सिंह प्राथमिक शिक्षक शिक्षा गारंटी जोगीपुर की दावे/आपत्तियां प्राप्त करने हेतु प्राधिकृत कर्मचारी के रूप में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक के प्रतिवेदन के अनुसार, उनके भ्रमण दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को उक्त कर्मचारी अपने-अपने दावे/आपत्ति केन्द्रों पर अनुपस्थित पाए गए, साथ ही केन्द्र भवनों पर ताला बंद पाया गया। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्राधिकृत कर्मचारियों को निर्धारित केन्द्रों पर पूरे समय उपस्थित रहकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करना अनिवार्य है, किन्तु संबंधित कर्मचारियों द्वारा घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं उदासीनता प्रदर्शित की गई है। यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के अंतर्गत दंडनीय है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्त कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आज

**सीधी 27 अक्टूबर।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.पी.पाण्डेय ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक 28 अक्टूबर को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होगी। उन्होंने जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूचित किया है कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधियों को नियत तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।

# सेमरिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हुआ ऐतिहासिक पथ संचलन

नवभारत न्यूज

**सेमरिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड सेमरिया के तत्वाधान में इस शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर रविवार को पहली बार ऐतिहासिक एवं भव्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में, अनुशासित पंक्तिबद्ध होकर नगर भ्रमण पर निकले। बारिश होने के बावजूद स्वयंसेवकों का जोश, अनुशासन और उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह संदीप कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। मंच पर मुख्य



अतिथि के रूप में खंड संघचालक रामप्रताप जी, यमुना प्रसाद विश्वकर्मा एवं मुख्य वक्ता के रूप में शुभम जी जिला प्रचारक सीधी विराजमान रहे। मुख्य वक्ता शुभम जी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण है। स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सेवा, संस्कार और संगठन का भाव लेकर कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर जिले के अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें अमोल जी, आशुतोष जी, पंकज जी, विकास नारायण जी, ओमप्रकाश वर्मा, प्रिंस जी, विजय जी, अभिषेक जी, रावेंद्र जी, विमल जी, राजेश जी, नीरज जी, संदीप तिवारी सहित अनेक गणमान्यजन एवं स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की अनुशासित चाल, गणवेश में सज्ज अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारों ने पूरे नगर में एकताए संगठन और स्वाभिमान का संदेश दिया।



# स्वास्थ्य केन्द्र टमसार में बहु-पंचायती दिव्यांग शिविर आयोजित

## 41 पंजीकरण, 9 प्रमाणपत्र जारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 27 अक्टूबर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त दिव्यांगजनों की पहचान एवं प्रमाणपत्र जारी करने हेतु चल रहे अभियान के अंतर्गत सोमवार को स्वास्थ्य केन्द्र टमसार में एक बहु-पंचायती मेडिकल बोर्ड शिविर का आयोजन किया गया।**

इस शिविर में भदौरा, गोतरा, रामपुर, शंकरपुर, कतरवार, टमसार, गुडुआधार, ठाड़ीपाथर, धूपगढ़, खोखरा एवं आमगांव ग्राम पंचायतों के दिव्यांगजन सम्मिलित हुए। शिविर में कुल 41 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया तथा परीक्षण उपरांत 9 लाभार्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) जारी किए गए। परीक्षण कार्य मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों, डॉ.रवि पटेल मानसिक रोग विशेषज्ञ, डॉ.अविनाश जान धुर्वे मेडिसिन विशेषज्ञ एवं डॉ. अरविंद सोनी ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ द्वारा संपादित किया गया। जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सीधी की टीम में दीपक त्रिपाठी एवं शिवांसु शुक्ला (ट्रांसडिसिप्लिनरी विशेष शिक्षक) शामिल रहे, जिन्होंने संभावित दिव्यांगजनों की स्क्रीनिंग, दस्तावेज सत्यापन एवं प्रमाणपत्र प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जयराज सिंह भी उपस्थित रहे, जिन्होंने दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत सचिवों एवं स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों का सहयोग सराहनीय रहा। यह अभियान सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिलेभर में सतत रूप से संचालित है, ताकि कोई भी योग्य दिव्यांगजन शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

# गरीब की भैंस की संदिग्ध मौत, बम्हनी पुलिस चौकी में रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 27 अक्टूबर। जनपद सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र ओबरहा में ग्राम हस्तिनापुर निवासी रवि प्रताप सिंह की भैंस की संदिग्ध हालत में रविवार की दरम्यानी रात मौत होने पर समूचे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।**

रवि प्रताप गांव का अति गरीब व्यक्ति है। जिससे अति गरीबी का राशन मिलने के साथ ही भैंस के दूध को बेंचकर आमदनी से बाल बच्चो का



भरण पोषण कर रहा था। भैंस मालिक रवि प्रताप सिंह ने बताया की रविवार शाम भैस का दूध निकालकर भैस को खाना पानी दिया। उस समय भैंस अच्छी हालत में रही और रात में संदिग्ध हालत में मृत्यु हो गयी, जिससे तरह-तरह की शंकाओ का कयास लगाया जा रहा है। भैंस के आकस्मिक मृत्यु पर रिपोर्ट पुलिस चौकी बम्हनी में की गयी। जिसके बाद पशु चिकित्सालय सेमरिया के डॉक्टर द्वारा पीएम किया गया। पीएम रिपोर्ट का इंतजार पुलिस को है।

# समाधान दिवस पर होगा जनसमस्याओं का त्वरित निवारण

नवभारत न्यूज

**सीधी 27 अक्टूबर। अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा 23 अक्टूबर को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के समाधानकारक निराकरण कर उन्हें नागरिक संतुष्टि के साथ बंद कराने के निर्देश दिए गए हैं।**

इसी क्रम में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने हेतु 31 अक्टूबर 2025 को समाधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं खंडस्तरीय विभागों के अधिकारी प्रात: 11 बजे से शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। शिविर के सफल आयोजन हेतु संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। खंड स्तर पर उपखंड अधिकारी राजस्व नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी निभाएंगे। साथ ही पंचायत समन्वयक अधिकारी (पीसीओ) अपने-अपने क्षेत्र के नोडल अधिकारी होंगे। पीसीओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिकायतकर्ताओं को शिविर में लाने और उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निभाएं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण किया जाएगा।

# छठ पर्व के आयोजन में भव्यता और श्रद्धा का दिखा अद्भुत संगम

## शहर के गोपालदास बांध में छठ पर्व के आयोजन की दिखी भव्य तैयारियां, हजारों श्रद्धालु परिवार बने सहभागी

नवभारत न्यूज

**सीधी 27 अक्टूबर। सीधी शहर में इस वर्ष छठ पर्व का आयोजन भव्यता और श्रद्धा के अद्भुत संगम के रूप में देखा गया। डॉ.अनूप मिश्रा और डॉ.बीना मिश्रा के अथक प्रयासों से पहली बार जिले में इतना सुंदर और सुसंगठित छठ महोत्सव सम्पन्न हुआ। गोपालदास बांध घाट पर आयोजित इस पर्व में हजारों श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे और सूर्यदेव व छठी मैया की आराधना की। पूरे आयोजन स्थल को दीपों, फूलों और रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गयाए जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक आभा से भर उठा।**

छठ पर्व की मुख्य विशेषता यह रही कि जैसे ही शाम के समय श्रद्धालु अर्घ्य देने पहुंचे, वरुण देव ने भी अपनी कृपा बरसाई। हल्की वर्षा



ने वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। श्रद्धालुओं का कहना था कि यह छठी मैया की प्रसन्नता का प्रतीक है और उनका आशीर्वाद सभी पर बना हुआ है। इस आयोजन में सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधाओं का प्रबंधन बेहद सराहनीय रहा। घाटों की सफाई, रोशनी, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और ट्रैफिक व्यवस्था का जिम्मा स्वयंसेवकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने बखूबी निभाया। डॉ.अनूप मिश्रा और डॉ.बीना मिश्रा ने स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर प्रत्येक व्यवस्था का निरीक्षण किया और किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखा। कार्यक्रम के सांस्कृतिक आकर्षण के रूप में लायन्स क्लब सीधी द्वारा भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सृजन मिश्रा और उनके दल ने अपनी मधुर प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। भक्ति गीतों, छठ महिमा के भजनों और लोकगीतों ने समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कांच ही बांस के बहंगिया और उठे सुहावन लगल घाट जैसे गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। छठ पर्व के दौरान महिलाओं ने पारम्परिक वेशभूषा में नदी किनारे पूजा-अर्चना की। वहीं पुरुषों और युवाओं ने पूरे आयोजन में सहयोग की भावना से भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों में भी इस पर्व को लेकर खास उत्साह देखा गया। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि सीधी में इस बार का आयोजन अब तक का सबसे अनुशासित और आध्यात्मिक रहा।

पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में नगर पालिका, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य टीम और स्वयंसेवी संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा। सफाई कर्मचारियों और जल विभाग के कर्मियों को डॉ.अनूप मिश्रा ने मंच से विशेष धन्यवाद दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावना का प्रतीक बना बल्कि सामूहिक एकता, सहयोग और सेवा भाव का भी उदाहरण प्रस्तुत कर गया। अंत में श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कहा- छठी मैया की जय हो, अगले वर्ष फिर इसी उत्साह के साथ मिलेंगे।

### डॉ .अनूप एवं डॉ .बीना की मेहनत रंग लाई

शहर के गोपालदास बांध में छठ पूजा के आयोजन के लिये भव्य तैयारियां की गई थीं। श्रद्धालु महिलाओं एवं उनके परिजनों को किसी तरह की दिक्कतें ना हों इसके लिये पंडाल एवं अन्य व्यवस्थाएं प्रकाश के साथ बनाई थी। इस तरह डॉ .अनूप और डॉ .बीना मिश्रा की मेहनत, समर्पण और सेवा ने इस बार की छठ पूजा को अविस्मरणीय बना दिया और सच में, जब भक्ति सच्ची हो तो वरुण देव भी वरदान बनकर बरसते हैं। डॉ .अनूप मिश्रा एवं डॉ .बीना मिश्रा की मेहनत छठ पूजा के आयोजन की भव्यता के चलते पूरी तरह से रंग लाई।